# RSSB

क्रॉनोलोजी
प्रतियोगिता परीक्षा सीरीज

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

पूर्णतः परीक्षा पाठ्यक्रम पर आधारित

# वनपाल

## सीधी भर्ती परीक्षा-2026

**2 सॉल्वड् पेपर्स 2020**

**विशेष आकर्षण**

- सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन
  - राजस्थान का इतिहास,
  - राजस्थान की कला एवं संस्कृति,
  - भारतीय राजनीतिक व्यवस्था विशेषकर राजस्थान के संदर्भ में
  - राजस्थान का भूगोल,
  - राजस्थान की अर्थव्यवस्था
- दैनिक विज्ञान
- गणित
- राष्ट्रीय एवं राजस्थान राज्य के समसामयिक मामले

पर आधारित

# 20 मॉडल टेस्ट पेपर्स

प्रकाशक
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
भरतपुर–321001

₹ 321.00

## समर्पित

उस परम पिता परमेश्वर को जिनकी अनुकम्पा के अभाव में इस पुस्तक का प्रकाशन सम्भव नहीं था।

**प्रकाशक**

**पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स**
गोविन्द नगर, टीएम मोटर्स के पीछे,
जवाहर नगर रोड़, भरतपुर (राज.) 321001

संस्करण : मई, 2026

पुस्तक को अधिक उपयोगी बनाने हेतु पाठकों के सुझाव आमन्त्रित हैं।

**सर्वाधिकार** : प्रकाशकाधीन

**मुद्रण** : विकास बुक बाइंडर, जयपुर

**हमारी पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :**

सुझाव हेतु : **8104919720**

(सोमवार से शनिवार : सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक)

**Whatsapp** पर भी सुझाव आमंत्रित हैं।

इस पुस्तक का कोई भी अंश प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना प्रकाशित करना अविधि मान्य होगा।

राजस्थान और भारत में कौन, क्या है के लिए स्कैन करें

हमारी वेबसाइट पर डैली करंट अफेयर्स के लिए स्कैन करें

## विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | **राजस्थान वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा, 2026**<br>लिखित परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम | 3-4 |
| 2. | **राजस्थान वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा, 2020**<br>हल प्रश्न-पत्र:परीक्षा आयोजित-6.11.2022 प्रथम पाली | 5-10 |
| 3. | **राजस्थान वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा, 2020**<br>हल प्रश्न-पत्र:परीक्षा आयोजित-6.11.2022 द्वितीय पाली | 11-16 |
| | **अभ्यास हेतु मॉडल टेस्ट पेपर श्रृंखला..............................** | |
| 4. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 1** | 17-24 |
| 5. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 2** | 25-32 |
| 6. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 3** | 33-40 |
| 7. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 4** | 41-48 |
| 8. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 5** | 49-56 |
| 9. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 6** | 57-64 |
| 10. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 7** | 65-72 |
| 11. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 8** | 73-80 |
| 12. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 9** | 81-88 |
| 13. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 10** | 89-96 |
| 14. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 11** | 97-104 |
| 15. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 12** | 105-113 |
| 16. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 13** | 114-121 |
| 17. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 14** | 122-129 |
| 18. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 15** | 130-137 |
| 19. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 16** | 138-145 |
| 20. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 17** | 146-153 |
| 21. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 18** | 154-160 |
| 22. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 19** | 161-168 |
| 23. | **मॉडल टेस्ट पेपर : 20** | 169-176 |


इस पुस्तक में दिये गए किसी भी भाग के लिए प्रकाशक/ विक्रेता/मुद्रक/लेखक इस बात को कतई सुनिश्चित नहीं करता है कि इस पुस्तक में दी गई जानकारी अंतिम रूप से पूर्ण है। पाठको को यदि इस पुस्तक के किसी भी अंश या प्रश्न पर कोई संशय है तो वह अपने स्त्रोत के आधार पर उसका आकलन करे एवं यदि इस पुस्तक में कोई विसंगति पाता है तो इससे हमें अवगत कराए जिससे कि आगामी संस्करण में इस पुस्तक में सुधार किया जा सके। इस पुस्तक को यथासम्भव त्रुटिहीन एवं अद्यतन रूप से प्रकाशित करने के सभी प्रयास किए गये हैं, फिर भी संयोगवश यदि इसमें कोई कमी अथवा त्रुटि रह गई हो तो उससे कारित क्षति अथवा संताप के लिए, प्रकाशक, लेखक, मुद्रक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होंगे।

किसी भी परिवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र भरतपुर ही होगा।

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित**

# वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा-2026

## लिखित परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम

| विषय | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|
| सामान्य ज्ञान, सामाजिक अध्ययन, भूगोल, इतिहास, कला एवं संस्कृति, दैनिक विज्ञान, गणित, समसामयिक मामले इत्यादि राजस्थान राज्य के विशेष संदर्भ में उच्च माध्यमिक स्तर के होंगे। | 100 | 100 | 2 घंटे |

**नोटः-** 1. प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे
2. सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।
3. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 ऋणात्मक अंक काटे जाएँगे।

## परीक्षा पाठ्यक्रम

| 1. | **सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन (50 अंक)** |
|---|---|
| (क) | **राजस्थान का इतिहासः-**<br>प्रमुख सभ्यताएँ एवं प्रमुख पुरातात्विक स्थल।<br>प्रमुख राजवंश एवं प्रमुख शासक एवं उनकी उपलब्धियाँ।<br>1857 की क्रांति, किसान आन्दोलन,जनजाति आन्दोलन, प्रजामण्डल आन्दोलन व राजस्थान का एकीकरण।<br>प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तित्व। |
| (ख) | **राजस्थान की कला एवं संस्कृतिः-**<br>स्थापत्य एवं चित्रकला।<br>लोकः संगीत, वाद्य, नृत्य, अभिनय।<br>प्रमुख धार्मिक पंथ एवं लोक देवी-देवता।<br>सामाजिक जीवन - वेशभूषा, आभूषण, मेले एवं त्योहार, रीति-रिवाज।<br>भाषा, बोलियाँ एवं साहित्य।<br>कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्व। |
| (ग) | **भारतीय राजनीतिक व्यवस्था विशेषकर राजस्थान के संदर्भ मेंः-**<br>भारतीय संविधान की प्रकृति, प्रस्तावना, (उद्देशिका), मौलिक अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक तत्व एवं मौलिक कर्तव्य।<br>**राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाः**<br>राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य विधानसभा, उच्च न्यायालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सूचना आयोग, राज्य मानव अधिकार आयोग, राज्य एवं जिला स्तर का प्रशासनिक ढाँचा एवं कार्यप्रणाली।<br>स्थानीय स्व-शासन। |
| (घ) | **राजस्थान का भूगोलः-**<br>स्थान, विस्तार, प्रशासनिक एवं भौतिक संरचना, वन संसाधन।<br>वन्यजीव अभयारण्य, वन एवं वन्यजीव संरक्षण।<br>जलवायु, मृदा,अपवाह तंत्र, झीलें, प्रमुख फसलें, प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ।<br>खनिज संसाधन, ऊर्जा संसाधन।<br>पर्यटन स्थल एवं स्मारक।<br>जनसंख्या - आकार, वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात एवं साक्षरता।<br>आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन। |

| | |
|---|---|
| (ड़) | **राजस्थान की अर्थव्यवस्था :-**<br>राज्य के विकास में उद्योग, कृषि, पशुपालन एवं खनिज क्षेत्र की भूमिका।<br>राजस्थान की अर्थव्यवस्था-विशेषताएँ और समस्याएँ।<br>राज्य की आय एवं बजट की अवधारणा।<br>हस्तशिल्प उद्योग, बेरोजगारी, सूखा और अकाल।<br>राजस्थान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ एवं अधिनियम, विकास संस्थाएँ, लघु उद्यम एवं वित्तीय संस्थाएँ, पंचायती राज संस्थाओं की ग्रामीण विकास में भूमिका। |
| **2.** | **दैनिक विज्ञान - (20 अंक)** |
| | भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन।<br>धातु, अधातु एवं प्रमुख यौगिक।<br>प्रकाश के नियम।<br>आनुवांशिकी से संबंधित सामान्य शब्दावली।<br>मानव शरीर संरचना, अंग तंत्र।<br>पोषण एवं संतुलित आहार।<br>प्रमुख मानव रोग, कारक एवं निदान, अपशिष्ट प्रबंधन।<br>पारिस्थितिकी तंत्र एवं जैव विविधता।<br>सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान। |
| **3.** | **गणित - (15 अंक)** |
| | लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्त्य, औसत, लाभ-हानि, प्रतिशत, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, अनुपात-समानुपात।<br>समय, चाल, दूरी, कार्य एवं समय।<br>क्षेत्रफल एवं आयतन।<br>आँकड़ों का चित्रों द्वारा निरुपण (आलेख, स्तंभ चित्र, वृत्त चित्र, रेखा आलेख आदि।) |
| **4.** | **राष्ट्रीय एवं राजस्थान राज्य के समसामयिक मामले-(15 अंक)** |
| | राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रौद्योगिकी, भौगोलिक, पारिस्थितिकी, खेल-कूद, आदि क्षेत्रों की राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ।<br>प्रसिद्ध व्यक्तित्व। कार्यक्रम एवं नीति। |

## विशेष महत्वपूर्ण निर्देश:

1. प्रत्येक प्रश्न के 05 विकल्प A, B, C, D, E अंकित रहेंगे, उनमें से अभ्यर्थी को केवल एक विकल्प को नीले बॉल पेन से गहरा गोल उत्तरपुस्तिका में सही उत्तर दर्शाने हेतु करना होगा।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्पों में से केवल एक विकल्प को भरना आवश्यक होगा।
3. यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रश्न को हल नहीं किया जाता है तो उसके लिए पाँचवाँ विकल्प E को गोला गहरा करना होगा। यदि पाँचों विकल्पों में से किसी को भी गहरा नहीं किया जाता है तो ऐसे 10 प्रतिशत प्रश्नों तक प्रत्येक प्रश्न के 1/3 अंक घटाए जाएँगे।
4. प्रश्न पत्र हल करने के बाद अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने प्रत्येक प्रश्न का एक गोला गहरा भर दिया है। इस हेतु परीक्षा के निर्धारित समय के बाद अभ्यर्थी को 10 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएँगा।
5. जिस अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों को किन्हीं पाँच गोलों में से गहरा नहीं भरने पर उसे अयोग्य किया जाएगा।

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, द्वारा आयोजित

# वनपाल (Forester) सीधी भर्ती परीक्षा

# 1. मॉडल प्रश्न-पत्र

**1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ 28 फरवरी, 2026 को कहाँ से किया?**

(A) बीकानेर (B) अजमेर
(C) आमेर (D) हनुमानगढ़

**2. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे हाने के अवसर पर राज्य-स्तरीय कार्यक्रम 7 नवम्बर, 2025 को कहाँ आयोजित किया गया?**

(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) अजमेर

**3. जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन (Best Performing State/UT श्रेणी में) के लिए राजस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में कौन-सा स्थान मिला है?**

(A) प्रथम स्थान (B) द्वितीय स्थान
(C) तृतीय स्थान (D) चतुर्थ स्थान

**4. राजस्थान सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत युवाओं को मिलने वाले ऋण के सम्बन्ध में कौन-सा तथ्य गलत है?**

(A) ऋण की अधिकतम सीमा ₹ 10 लाख निर्धारित की गई है।
(B) इस ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज अनुदान देय है।
(C) योजना के लिए ₹ 1000 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है।
(D) ऋण के साथ मार्जिन मनी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

**5. गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में प्रदर्शित राजस्थान की भव्य झाँकी की थीम क्या थी?**

(A) राजस्थान-मरुस्थल की स्वर्ण धरा
(B) राजस्थान-मरुस्थल का स्वर्ण स्पर्श
(C) राजस्थान-मरुस्थल का स्वर्ण द्वार
(D) राजस्थान-मरुस्थल का स्वर्ण कलश

**6. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 21 से 23 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 (IICDEM-2026) में राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा किस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए?**

(A) चुनाव और मीडिया के लिए मतदाता जागरूकता
(B) चुनाव, मीडिया और मतदाता जागरूकता
(C) मीडिया, चुनाव और मतदाता जागरूकता
(D) चुनाव, मीडिया और नागरिक जागरूकता

**7. खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को उचित मूल्य दुकानों पर जाए बिना स्वतः ही राशन प्राप्त करने हेतु अनाज एटीएम राजस्थान के किन जिलों में खोले जाएँगे?**

(A) जयपुर (B) भरतपुर
(C) बीकानेर (D) उपर्युक्त सभी में

**8. जनजातीय कला संरक्षण और विपणन को बढ़ावा देने के लिए 'बनफूल डिज़ाइन स्टूडियो' की स्थापना किस संस्थान में की गई है?**

(A) जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
(B) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर
(C) माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध संस्थान
(D) राजस्थान ललित कला अकादमी

**9. राज्य सरकार द्वारा संचालित 'अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता योजना' के तहत श्रमिकों एवं उनके बच्चों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर कितनी प्रोत्साहन राशि दी जाती है?**

(A) ₹ 50 हजार (B) ₹ 75 हजार
(C) ₹ 1 लाख (D) ₹ 2 लाख

**10. एडिनबर्ग में आयोजित स्कॉटिश ओपन स्क्वैश में अंडर-13 गर्ल्स कैटेगरी का खिताब जीतने वाली दिव्यांशी जैन का सम्बन्ध राजस्थान के किस जिले से है?**

(A) जयपुर (B) अजमेर
(C) उदयपुर (D) राजसमन्द

**11. जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कौन-सा अभियान 6-30 अप्रैल, 2026 की अवधि में संचालित किया गया था?**

(A) वैदिक कृषि से स्वास्थ्य (B) आपणी खेती जैविक खेती
(C) उत्तम खाद उत्तम कृषि (D) आपणो खेत - आपणी खाद

**12. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 मार्च, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कितनी राशि से निर्मित कोटा विमान पत्तन का शिलान्यास किया?**

(A) ₹ 1500 करोड़ (B) ₹ 1510 करोड़
(C) ₹ 1525 करोड़ (D) ₹ 1550 करोड़

**13. 17 मई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किस देश के प्रतिष्ठित 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस' सम्मान से अलंकृत किया गया?**

(अ) नॉर्वे (इ) स्वीडन

(उ) फिनलैंड (ऊ) डेनमार्क

उत्तरः (इ) स्वीडन

**14. भारत ने 6 फरवरी, 2026 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) से मध्यम दूरी की किस बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया?**

(A) अग्नि-1 (B) अग्नि-2

(C) अग्नि-3 (D) अग्नि-4

**15. किस भारतीय नौसैनिक जहाज ने अक्टूबर 2025 में आयोजित भारत-जापान समुद्री अभ्यास (JAIMEX 25) में भाग लिया?**

(A) आईएनएस सह्याद्री (B) आईएनएस विक्रांत

(C) आईएनएस विक्रमादित्य (D) आईएनएस सतलुज

**16. राजस्थान की किस प्राचीन सभ्यता से 'कृपिषवर्णी मृदपात्र' प्राप्त हुए?**

(A) आहड़ (B) कालीबंगा

(C) गिलूण्ड (D) गणेश्वर

**17. प्राचीनतम स्थल बैराठ से निम्नलिखित में से किस प्रकार के मृद्भाण्ड प्राप्त हुए?**

(A) लाल व काली मिट्टी के मृद्भाण्ड

(B) काले रंग की ज्यामिति वाले लाल मृद्भाण्ड

(C) स्वास्तिक व त्रिरत्न के चिह्न बने हुए मृद्भाण्ड

(D) कृपिषवर्णी मृद्-पात्र

**18. सन् 1903 में किसने अपने जागीर क्षेत्र में 'चँवरी' कर लगाया, जिसे प्रत्येक को अपनी पुत्री के विवाह के समय देना अपेक्षित था?**

(A) राव कृष्णसिंह (B) राव पृथ्वीसिंह

(C) केसरीसिंह (D) भूपसिंह

**19. निम्नलिखित युद्ध राजस्थान के इतिहास में सीमा चिह्न हैं-**

(1) खानवा का युद्ध (2) भटनेर का युद्ध

(3) सुमेल-गिरि का युद्ध (4) हल्दीघाटी का युद्ध

**इन युद्धों को सही तिथिक्रम में रखते हुए, सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 2, 1, 3, 4

(C) 1, 2, 4, 3 (D) 1, 3, 4, 2

**20. राजस्थान एकीकरण के विभिन्न चरणों एवं तत्सम्बन्धी तिथियों का निम्न में से असंगत युग्म कौन-सा है?**

| | एकीकरण का चरण | तिथि |
|---|---|---|
| (A) | द्वितीय चरण | 25 मार्च, 1948 |
| (B) | तृतीय चरण | 25 मार्च, 1949 |
| (C) | चतुर्थ चरण | 30 मार्च, 1949 |
| (D) | पंचम चरण | 15 मई, 1949 |

**21. चूरू की कांग्रेस नाम से प्रचलित 'सर्वहितकारिणी सभा' की स्थापना किसने की थी?**

(1) स्वामी गोपालदास (2) पं. कन्हैयालाल

(3) पं. श्री राम मास्टर (4) भंवर लाल सर्राफ

**निम्न कूटों की सहायता से सही उत्तर की पहचान कीजिए-**

(A) केवल 1 और 4 (B) केवल 1, 2 और 4

(C) केवल 1, 2 और 3 (D) 1, 2, 3 और 4 सभी

**22. 1857 की क्रांति के आरंभ होने के समय राजस्थान में कुल कितनी अंग्रेजी सैनिक छावनियाँ थीं?**

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

**23. 'चंवरी कर' क्या था, जो बिजौलिया आंदोलन के दौरान लगाया गया था?**

(A) कृषि उपज पर कर

(B) पुत्री के विवाह पर लिया जाने वाला कर

(C) पशुधन पर कर

(D) व्यापारिक वस्तुओं पर कर

**24. मेर विद्रोह (1818-1824) का मुख्य कारण क्या था?**

(A) मेरों पर भारी करों का अधिरोपण।

(B) अंग्रेजों द्वारा मेरों के क्षेत्रों पर पूर्ण राजनीतिक व प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास।

(C) झाक नामक स्थान पर पुलिस चौकी स्थापित करना।

(D) मेवाड़ और मारवाड़ राज्यों द्वारा मेरों के पारंपरिक अधिकारों को छीनना।

**25. बीकानेर प्रजामण्डल (1936) की स्थापना राज्य से बाहर कहाँ की गई थी?**

(A) कलकत्ता (B) बम्बई

(C) दिल्ली (D) रेवाड़ी

**26. चित्तौड़गढ़ के विजय स्तम्भ के बारे में निम्न तथ्यों को पढ़िए-**

(1) यह प्रसिद्ध है कि इसे महाराणा कुम्भा ने बनवाया था।

(2) इसकी कुल 11 मंजिलें हैं।

(3) इसमें जैता की मूर्ति उत्कीर्ण है।

**उपर्युक्त में से सही तथ्य हैं -**

(A) 1, 2 और 3 (B) 1 और 2

(C) 2 और 3 (D) 1 और 3

**27. 'शुकनासिक चरित्र' किस शैली से सम्बन्धित है, जिसमें कुम्हार, धोबी, चिड़ीमार, भिश्ती, ग्वाला, माली आदि से सम्बन्धित जीवन वृत का चित्रण मिलता है?**

(A) मेवाड़ शैली (B) हाड़ौती शैली

(C) ढूँढाड़ शैली (D) मारवाड़ शैली

**28. ख्याल शैली के गायक व रचनाकार मनरंग किस घराने के प्रवर्तक माने जाते हैं?**

(A) जयपुर घराना (B) मेवाती घराना

(C) पटियाला घराना (D) मथुरा घराना

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य सहरिया जनजाति द्वारा किया जाता है?**

(A) लाँगुरिया नृत्य (B) शिकारी नृत्य
(C) चरवा नृत्य (D) मावलिया नृत्य

**30. मध्यकालीन मेवात के प्रसिद्ध संत थे?**

(A) चरणदास (B) लालदास
(C) हरिरामदास (D) सुंदरदास

**31. चार हाथों वाले देवता के रूप में कौन-से लोकदेवता जाने जाते हैं?**

(A) गोगाजी (B) तेजाजी
(C) कल्लाजी (D) मामादेव

**32. पाटोदा का लूगड़ा तथा चौपड़ की चुनरी किस क्षेत्र की प्रसिद्ध हैं?**

(A) शेखावटी क्षेत्र (B) ढूँढाड़ क्षेत्र
(C) मारवाड़ क्षेत्र (D) मेवाड़ क्षेत्र

**33. निम्न में से कौन-सा विकल्प गलत सुमेलित है?**

| मेला | स्थल |
|---|---|
| (A) चूंघी तीर्थ मेला | जैसलमेर |
| (B) तीर्थराज मेला | मचकुण्ड (धौलपुर) |
| (C) देवझूलनी मेला | कोटा |
| (D) डिग्गी कल्याण जी का मेला | टोंक |

**34. विशुद्ध मारवाड़ी भाषा कहाँ बोली जाती है?**

(A) उदयपुर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में
(B) जोधपुर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में
(C) बीकानेर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में
(D) बाड़मेर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में

**35. रामनाथ चौधरी का सम्बन्ध किस वाद्य यंत्र से है?**

(A) अलगोजा (B) पूंगी
(C) ढोलक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. भारतीय संविधान में अवशिष्ट शक्तियों का विचार किस देश के संविधान से प्रेरित है?**

(A) यूनाइटेड किंगडम (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) आयरलैण्ड (D) कनाडा

**37. ''राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त एक ऐसा चेक है जो बैंक की सुविधानुसार अदा किया जाता है'' किसने कहा था?**

(A) बी. आर. अम्बेडकर ने (B) के. एम. मुंशी ने
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने (D) के. टी. शाह ने

**38. राजस्थान में राज्यपाल का पद राजप्रमुख का उत्तरवर्ती है। 30 मार्च, 1949 को, जब वृहत् राजस्थान राज्य का गठन किया गया, तब राजप्रमुख किसे बनाया गया?**

(A) सवाई जयसिंह (B) सवाई मानसिंह
(C) महाराव भीमसिंह (D) महाराणा भूपालसिंह

**39. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य के मंत्रियों की नियुक्ति, कार्यकाल, जिम्मेदारी, योग्यता, वेतन और भत्तों से सम्बन्धित है?**

(A) अनुच्छेद 162 (B) अनुच्छेद 265
(C) अनुच्छेद 164 (D) अनुच्छेद 207

**40. किस समिति की सिफारिशों के आधार पर जयपुर को एकीकृत राजस्थान की राजधानी घोषित किया गया तथा जोधपुर में उच्च न्यायालय (High Court) स्थापित करने का निर्णय लिया गया?**

(A) फजल अली समिति (B) शंकर राव देव समिति
(C) के. एम. मुंशी समिति (D) पी. सत्यनारायण राव समिति

**41. यदि राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष/सदस्य इस्तीफा देना चाहता है, तो वह अपना त्याग-पत्र किसे देगा?**

(A) प्रधानमंत्री (B) राज्यपाल
(C) मुख्यमंत्री (D) राष्ट्रपति

**42. राजस्थान राज्य सूचना आयोग के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है?**

(A) इसका गठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 11 के तहत किया गया।
(B) राजस्थान राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर की जाती है।
(C) A व B दोनों सही हैं।
(D) A व B दोनों गलत हैं।

**43. RSHRC के अध्यक्ष की नियुक्ति.............की जाती है।**

(A) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति की अनुशंसा पर राज्यपाल द्वारा
(B) राष्ट्रपति की स्वीकृति लेने के बाद राज्यपाल द्वारा
(C) सोच-समझकर राज्यपाल द्वारा
(D) मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल द्वारा

**44. निम्न में से किस समिति अथवा अध्ययन दल ने ग्राम सेवक तथा सचिव की नियुक्ति सम्बन्धी सिफारिश की थी?**

(A) सादिक अली अध्ययन दल (B) बलवंत राय मेहता समिति
(C) गिरधारी लाल व्यास समिति (D) अशोक मेहता समिति

**45. राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा के प्रावधानों में संशोधन किया गया?**

(A) धारा-9 (B) धारा-19
(C) धारा-12 (D) धारा-33

**46. अरावली पर्वतमाला की निम्न चोटियों को ऊँचाई के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें-**

(1) जरगा (2) सेर
(3) दिलवाड़ा (4) गुरु शिखर

**कूट :**

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 1, 3, 2, 4
(C) 3, 1, 2, 4 (D) 1, 4, 2, 3

**47. निम्नलिखित में से कौन-सा बेमेल है?**

| | राष्ट्रीय उद्यान | जिला |
|---|---|---|
| (A) | सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान | अलवर |
| (B) | केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान | करौली |
| (C) | राष्ट्रीय मरु उद्यान | जैसलमेर |
| (D) | रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान | सवाई माधोपुर |

**48. गलत युग्म का चयन करें—**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | सर्वाधिक आँधियों वाला जिला | श्री गंगानगर |
| (b) | सर्वाधिक आर्द्रता वाला स्थान | झालावाड़ |
| (c) | राज्य का बर्खोयान्सक | माउण्ट आबू |
| (d) | सर्वाधिक तापान्तर वाला जिला | चूरू |

**49. गलत युग्म का चयन करें–**

(A) साई रोजेक्स - गंगानगर (B) जिप्सीफेरस - बीकानेर
(C) केल्सी ब्राउन - जैसलमेर (D) नवीन जलोढ़ मृदा - बाँसवाड़ा

**50. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें –**

| सूची -I (नदी) | | सूची -II (सहायक नदी) | |
|---|---|---|---|
| (a) | माही | 1. | निवाज नदी |
| (b) | काली सिंध | 2. | गम्भीरी नदी |
| (c) | पार्वती | 3. | अनास नदी |
| (d) | बेड़च | 4. | अहेली नदी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**51. गलत कूट का चयन करें :-**

(A) खुशबूदार मेथी - नागौर (B) बासमती चावल - बूँदी
(C) जीरा व टमाटर - टोंक (D) लहसुन - बारां

**52. गलत युग्म को चुनिए–**

| खनिज | खान |
|---|---|
| (A) पन्ना | काला गुमान |
| (B) बेन्टोनाइट | खींवसर |
| (C) मैग्नेसाइट | सेन्ड्रा |
| (D) चूना पत्थर | कनोई |

**53. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्न में से राजस्थान के कौन-से जिले में अधिकतम जनजाति जनसंख्या है?**

(A) उदयपुर (B) जयपुर
(C) बीकानेर (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54. 'राजस्थान जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन' परियोजना का वित्तपोषण किसके द्वारा किया जा रहा है ?**

(A) जायका (B) विश्व बैंक
(C) के.एफ.डब्लू. (D) एडीबी

**55. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| पर्यटन स्थल | | जिला |
|---|---|---|
| (A) | भटनेर दुर्ग | हनुमानगढ़ |
| (B) | मेनाल | अजमेर |
| (C) | ओसियाँ | जोधपुर |
| (D) | कैलादेवी का मन्दिर | करौली |

**56. निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**

1. राजस्थान में प्रथम चीनी उद्योग भोपाल सागर (चित्तौड़गढ़) में स्थापित किया गया।
2. एशिया का बियरिंग निर्माण का सबसे बड़ा कारखाना, जयपुर में है।
3. हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (एच.एम.टी.), अजमेर में स्थित है।

**उपर्युक्त में से सही कथन है–**

(A) केवल 2 (B) केवल 3
(C) 1, 2 व 3 तीनों (D) केवल 2 व 3

**57. राजस्थान में 'एयर कार्गो कॉम्पलैक्स' (Air Cargo Complex) की स्थापना कहाँ की गई है?**

(A) उदयपुर (B) भदवासी
(C) सांगानेर (जयपुर) (D) नागौर

**58. विकास की स्थिति के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है?**

(A) वैयक्तिक, अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय
(B) संभावित, विकसित स्टॉक और संचित कोष
(C) नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय
(D) जैविक और अजैविक

**59. निष्पादक बजट की अवधारणा किस देश से ली गई है?**

(A) जर्मनी से (B) फ्रांस से
(C) यूनाइटेड किंगडम से (D) संयुक्त राज्य अमेरिका से

**60. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (उद्योग) | | सूची-II (स्थान) | |
|---|---|---|---|
| (a) | राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स | 1. | डीडवाना |
| (b) | हाईटेक ग्लास फैक्टरी | 2. | धौलपुर |
| (c) | मेवाड़ शुगर मिल | 3. | भूपालसागर |
| (d) | जे.के. सीमेण्ट वर्क्स | 4. | निम्बाहेड़ा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**61. राज्य में निर्यातकों को निर्यात की आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निम्न में से किस/किन इकाई/इकाइयों की स्थापना की गई?**

(A) एयर कार्गो कॉम्पलेक्स (B) इनलैण्ड कन्टेनर डिपो
(C) कन्टेनर फ्रेट स्टेशन (D) उपर्युक्त सभी

**62. निम्नलिखित में से कौन-सा सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम केन्द्र सरकार के अधीन नहीं है?**

(A) राजस्थान स्टेट कैमिकल वर्क्स, पचपदरा

(B) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी

(C) राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड, जयपुर

(D) सांभर साल्ट लिमिटेड, जयपुर

**63. श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य है?**

(1) यह योजना केवल शहरी क्षेत्रो में लागू है।

(2) योजनान्तर्गत राजस्थान सरकार के द्वारा प्रति थाली ₹ 22 का अनुदान दिया जा रहा है।

(3) इस योजना के तहत् आमजन को ₹ 8 में शुद्ध व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**कूट :**

(A) केवल 1 व 2 सही हैं।

(B) केवल 2 व 3 सही हैं।

(C) केवल 3 सही है।

(D) 1, 2 व 3 सभी सही हैं।

**64. केन्द्र प्रवर्तित योजना के रूप में प्रदेश में गेहूँ एवं दलहन पर 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' किस वित्त वर्ष में प्रारम्भ किया गया था?**

(A) वर्ष 2007-2008 (B) वर्ष 2010-2011

(C) वर्ष 2013-2014 (D) वर्ष 2015-2016

**65. मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य है?**

1. इस योजना का नया चरण 30 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया।
2. योजना में कुल 1,806 पैकेजेज शामिल हैं।
3. योजना के तहत् प्रति परिवार प्रति वर्ष ₹ 25 लाख का कैशलेस उपचार प्रदान किया जा रहा ह।
4. बजट घोषणा-2024 के अनुसार कैंसर उपचार के 73 डे केयर पैकेज भी योजना में शामिल हैं।

**कूट :**

(A) केवल 1, 2 व 4 (B) केवल 2, 3 व 4

(C) सभी 1, 2, 3 व 4 (D) केवल 1, 3 व 4

**66. काटने के पश्चात् सेब का भूरे रंग में बदलना उदाहरण है—**

(A) भौतिक परिवर्तन (B) रासायनिक परिवर्तन

(C) कोई परिवर्तन नहीं (D) जैविक परिवर्तन

**67. निम्न में से कौन-सी धातु वायु के साथ अभिक्रिया नहीं करती है?**

(A) स्वर्ण, प्लेटिनम (B) रजत, प्लेटिनम

(C) पोटेशियम, निकल (D) स्वर्ण, रजत

**68. धातु का वह गणु कौन-सा है जिसके कारण उसे तार के रूप में ढाला जा सकता है?**

(A) चालकता (B) आघातवर्धनीयता

(C) सरंध्रता (D) तन्यता

**69. पूर्ण आन्तरिक परावर्तन संभव होता है जब प्रकाश किरण चलती है-**

(A) काँच से पानी (B) पानी से काँच

(C) वायु से काँच (D) वायु से पानी

**70. किसी माध्यम की प्रकाश को परावर्तित करने की क्षमता को इसके...........द्वारा भी व्यक्त किया जाता है?**

(A) द्रव्यमान घनत्व (B) प्रकाश घनत्व

(C) पृष्ठ घनत्व (D) क्षेत्र घनत्व

**71. केरोसिन में निम्नलिखित में से कौन-सी धातुएँ संगृहीत हैं?**

(A) पोटेशियम (K)और सोडियम (Na)

(B) गोल्ड (Au) और सिल्वर (Ag)

(C) सिलिकॉन (Si) और मर्करी (Hg)

(D) एल्युमिनियम (Al) और कैल्शियम (Ca)

**72. दो अथवा अधिक भिन्न आनुवंशिकी युक्त पादपों को क्रास कर फसल की नई किस्म का निर्माण कहलाता है—**

(A) संकरओज (B) अलैंगिक जनन

(C) उत्परिवर्तन (D) संकरण

**73. हमारी आँखों में लेंस (Lens) का काम है—**

(A) आँखों को ढंकना।

(B) मस्तिष्क को छवियों के संदेश भेजना।

(C) आँख की फोकल दूरी को बदलना।

(D) चोट से आँखों की सुरक्षा करना।

**74. अण्डे के अण्डपीत में सबसे ज्यादा वसा पाया जाता है जबकि अण्डे के एल्बुमिन में सबसे ज्यादा पाया जाता है-**

(A) प्रोटीन (B) खनिज लवण

(C) कार्बोहाइड्रेट (D) वसा

**75. ट्रिपल एण्टीजन एक बच्चे को दी जाती है-**

(A) पोलियो, चेचक, डिफ्थीरिया को रोकने के लिए

(B) डिफ्थीरिया, कुकर खाँसी व टिटेनस को रोकने के लिए

(C) चेचक, कुकर खाँसी व टिटेनस को रोकने हेतु

(D) पोलियो, टिटेनस, कुकर खाँसी को रोकने हेतु

**76. इरिथ्रोब्लास्टोसिस फीटेलिस (Erythroblastosis foetalis) रोग होता है-**

(A) पति के Rh+ तथा पत्नी के Rh+ होने पर

(B) पति के Rh– तथा पत्नी के Rh– होने पर

(C) पति के Rh– तथा पत्नी के Rh+ होने पर

(D) पति के Rh+ तथा पत्नी के Rh– होने पर

**77. जलीय पर्यावरण में D.D.T. सांद्रण के आकलन के आधार पर, आहार श्रृंखला में प्रदूषण का स्तर निम्नांकित अनुक्रम में बढ़ता है?**

(A) पक्षी, मछली, घोंघा, जल पादप

(B) जल पादप, घोंघा, मछली, पक्षी

(C) घोंघा, जल पादप, मछली, पक्षी

(D) घोंघा, मछली, पक्षी, जल पादप

**78. एक अमेरिकी पादप जो भारत में दुष्टतापूर्ण जलीय अवतृण है?**

(A) टायफा इंटीफोलिया (B) ट्रापा बिस्पिनोसा

(C) आइकोर्निया प्रेसिपस (D) साइप्रस रोटेण्डस

**79. निम्न में से कौन कृमि जन्य रोग नहीं है?**

1. फाइलेरिएसिस 2. टीनिएसिस

3. अमीबिएसिस 4. ट्राइकोले निएसिस

**कूट :**

(A) 1, 2, 3 व 4 (B) 3 व 4

(C) 2, 3 व 4 (D) 1 व 3

**80. वन्यजीव (सुरक्षा) अधिनियम, 1972 के अनुसार, किसी व्यक्ति द्वारा, विधि द्वारा किए गए कतिपय उपबंधों के अधीन होने के सिवाय, निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्राणी का शिकार नहीं किया जा सकता?**

1. घड़ियाल

2. भारतीय जंगली गधा

3. जंगली भैंस

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -**

(A) केवल 1 (B) केवल 2 और 3

(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**81. निम्न में से सही तथ्य/कथन हैं—**

(A) 'राजमेल' नागरिकों को निःशुल्क ई-मेल सेवा प्रदान करने वाली सुविधा है।

(B) राजमेल में उपयोगकर्ता अपना ई-मेल एड्रेस हिन्दी सहित अपनी क्षेत्रीय भाषा में बना सकता है।

(C) इस प्रकार की सुविधा प्रदान करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है।

(D) उपर्युक्त सभी तथ्य/कथन सही हैं।

**82. जैव उपचारण (Bio Remediation) से तात्पर्य है?**

(A) जीवों द्वारा पर्यावरण से विषैले (Toxic) पदार्थों का निष्कासन

(B) रोगाणुओं व पीडकों पर जैविक नियंत्रण

(C) शरीर में अंगों का प्रत्यारोपण (Transplantation)

(D) सूक्ष्मजीवों (Microorganism) की सहायता से रोगों का निदान

**83. अपशिष्ट प्रबंधन में SWM का फुल फॉर्म क्या है?**

(A) Solid Waste Management

(B) Sustainable Waste Method

(C) Standard Waste Model

(D) Source Waste Measure

**84. कोशिका के अन्दर सूचना का प्रवाह किसके द्वारा होता है?**

(A) RNA (B) DNA

(C) माइट्रोकॉण्ड्रिया के द्वारा (D) राइबोसोम के द्वारा

**85. भोजन में विटामिन की कमी से होने वाला रोग है—**

(A) बेरी बेरी (B) न्यूमोनिया

(C) गठिया (D) लकवा

**86. 6 संख्याओं का औसत 12 है। यदि सभी संख्याओं से 2 घटा दिया जाए तो नयी संख्याओं का औसत होगा?**

(A) 10 (B) 12

(C) 8 (D) 14

**87. कक्षा में लड़कों की औसत आयु कक्षा में लड़कियों की संख्या से दोगुनी है। 50 की कक्षा में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 4 : 1 है। कक्षा में लड़कों की कुल आयु (वर्षों में) कितनी है?**

(A) 2000 (B) 2500

(C) 800 (D) 400

**88. एक व्यक्ति के वेतन में मूल वेतन की 20% वृद्धि कर दी गई। लेकिन वेतन वृद्धि के बाद भी उसे वेतन की उतनी ही राशि प्राप्त होती है। उसे अपने वेतन की कितनी प्रतिशत राशि प्राप्त नहीं हुई?**

(A) 12% (B) 20%

(C) $\frac{50}{3}$% (D) $\frac{40}{3}$%

**89. एक तार को दो टुकड़ों में काटा जाता है। बड़ा टुकड़ा, तार की लम्बाई का 60% है। बड़ा टुकड़ा छोटे टुकड़े से कितने प्रतिशत लम्बा है?**

(A) 20% (B) 50%

(C) 120% (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90. एक राशि चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 5 वर्ष में दो गुनी हो जाती है। यह 8 गुनी होगी—**

(A) 20 वर्ष में (B) 12 वर्ष में

(C) 15 वर्ष में (D) 10 वर्ष में

**91. ₹ 4800 की राशि पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से $2\frac{1}{2}$ वर्षों में ब्याज की राशि होगी :**

(A) ₹ 400 (B) ₹ 450

(C) ₹ 500 (D) ₹ 600

**92. AB और CD, d व्यास वाले एक वृत्त के दो लम्ब व्यास हैं जिसका केन्द्र बिन्दु O है। वृत्त के क्षेत्रफल का त्रिभुज OAC के क्षेत्रफल से अनुपात क्या है?**

(A) $\pi : 0.5$ (B) $\pi : 1$

(C) $\pi : 2$ (D) $\pi : 4$

**93. किसी समकोण त्रिभुज की भुजाएँ सेंटीमीटर में व्यंजित तीन क्रमागत सम संख्याएँ हैं। उस त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या हो सकता है?**

(A) 12 सेमी$^2$ (B) 24 सेमी$^2$

(C) 48 सेमी$^2$ (D) 100 सेमी$^2$

**94. यदि किसी बेलन की त्रिज्या एवं ऊँचाई दोनों में 20% की वृद्धि होती है, तो उसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?**

(A) 33.1% (B) 40%

(C) 72.8% (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95. X, Y तथा Z एक व्यापार प्रारम्भ करते हैं। X, Y की अपेक्षा तीन गुना निवेश करता है तथा Y, Z का दो-तिहाई निवेश करता है। X,Y तथा Z की पूँजियों में अनुपात है—**

(A) 3 : 9 : 2 (B) 6 : 2 : 3

(C) 5 : 3 : 2 (D) 6 : 10 : 15

**96. यदि 320 पेन का विक्रय मूल्य 400 पेन के क्रय मूल्य के बराबर है तो लाभ प्रतिशत क्या है?**

(A) 20% (B) 40%

(C) 25% (D) 12.5%

**97. एक दुकानदार दो खिलौनों को ₹ 375 प्रति खिलौना की दर से बेचता है। यदि उसको एक खिलौने पर 25 प्रतिशत का लाभ तथा दूसरे खिलौने पर 25 प्रतिशत की हानि हो, तो उसे कुल सौदे पर कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई?**

(A) हानि, $6\frac{1}{4}$ प्रतिशत (B) लाभ, $6\frac{1}{4}$ प्रतिशत

(C) न हानि, न लाभ (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

**98. 10, 15, 20 से पूर्णतः विभाज्य 4 अंकों वाली महत्तम संख्या कौन-सी है?**

(A) 9990 (B) 9960


(C) 9980 (D) 9995

**99. 3 धनात्मक संख्याओं का अनुपात 2 : 3 : 5 है और उनके वर्ग का योग 608 है। तो वे तीन संख्याएँ हैं?**

(A) 2, 3, 5 (B) 10, 15, 25

(C) 8, 12, 20 (D) 4, 6, 10

**वर्ष 2001 से 2006 के बीच किसी कंपनी द्वारा बनाए गए फ्रेश जूतों का प्रतिशत दिया गया है -**




| | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| -% | 40 | 72 | 75 | 68 | 62 | 77 |

**100. यदि वर्ष 2003 में फ्रेश जूतों की संख्या 15,000 है तो 2003 में कंपनी द्वारा बनाए गए कुल जूतों की संख्या ज्ञात कीजिए?**

(A) 27,200 (B) 18,600

(C) 20,000 (D) 19,400